कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम-शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788-2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 01/03/2025

// प्रेस विज्ञप्ति//

कन्या महाविद्यालय दुर्ग के सात बॉस्केटबॉल खिलाड़ी अखिल भारतीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के सात बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में हुआ। ये खिलाड़ी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की ओर से कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में दिनांक 03 मार्च से 08 मार्च 2025 तक हिस्सा लेंगें।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें एवं बधाई देते हुए बताया कि महाविद्यालय के ये खिलाड़ी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ईस्ट जोन विजेता टीम के सदस्य है। जिसमें डी. कीर्ति का चयन झारखण्ड में आयोजित 38 वें नेशनल गेम्स में भी हुआ था।

महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी, डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि यह प्रतियोगिता पहले लीग फिर नॉकआउट आधार पर खेली जायेगी, चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है- रीतिका निषाद, डी. कीर्ति, डी. अनुषा, ज्योति प्रजापति, डी. अश्वनी, जन्नत अली, अर्चना निषाद। ये सभी खिलाड़ी विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके है।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)